# कार्यालय आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक / STU/171/2026-SCHOLARSHIP SECTION नवा रायपुर, दिनांक 15 / 06 / 2026

## : : सूचना प्रकाशन : :

**वर्ष 2026–27 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2026–27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2026–27 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :–

| आवेदन का प्रकार | आवेदन प्राप्ति तिथि | संस्था स्तर पर कार्यवाही हेतु समय–सीमा | जिला स्तर पर कार्यवाही हेतु समय–सीमा | संभावित छात्रवृत्ति वितरण तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| नवीनीकरण | 30 जून 2026 तक | **1. अशासकीय संस्थाओं** – प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर जिला को भेजना **07 दिवस अधिकतम**<br><br>**2. शासकीय संस्थाओं** – प्राप्त आवेदनों का परीक्षण स्वीकृत कर जिला को भेजना **10 दिवस अधिकतम** | **1. अशासकीय संस्थाओं** के आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति उपरान्त राज्य मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु **अधिकतम 08 दिवस**<br>**2. शासकीय संस्थाओं** के आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति उपरांत राज्य मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु **अधिकतम 05 दिवस** | 18 जुलाई 2026 | **आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा।** |
| | 30 सितम्बर 2026 तक | | | 18 अक्टूबर 2026 | |
| | 30 नवम्बर 2026 तक | | | 18 दिसम्बर 2026 | |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक | | | 18 जनवरी 2027 | |
| नवीन | 30 अगस्त 2026 तक | | | 18 सितम्बर 2026 | |
| | 30 सितम्बर 2026 तक | | | 18 अक्टूबर 2026 | |
| | 30 नवम्बर 2026 तक | | | 18 दिसम्बर 2026 | |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक | | | 18 जनवरी 2027 | |

वर्ष 2026–27 में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति **आवेदन नवीनीकरण के लिए 20 जून 2026** एवं **नवीन आवेदन के लिए 01 अगस्त 2026** से छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ किये जायेगे। प्राप्त नवीनीकरण एवं नवीन आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति संबंधी समस्त कार्यवाही समयावधि में वितरण तिथि के पूर्व स्वीकृत कर्ता अधिकारी द्वारा पूर्ण कर लिया जाए जिससे सक्षम प्राधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति का सम्पूर्ण वितरण एवं भुगतान माह जनवरी 2027 तक पूर्ण किया जा सकें।

1. **छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :–**
   अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय–सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय–सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने **सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते** की प्रविष्टि आनलाइन आवेदन करते समय सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2026–27 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।
4. वर्ष 2026–27 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

Digitally signed by
DHARMULA RAHUL VENKAT
Date: 17-06-2026 17:52:06

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर
## जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Grade "B" Accredited by NAAC E-mail ID :- govtcollegefingeshwar2013@gmail.com

क्र. 243/पो.मै.छा./ 2026 –27 फिंगेश्वर, दिनांक 19/06/2026

## // छात्रवृत्ति सूचना //

वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) ऑनलाईन पंजीयन सूचना

कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–डी (भू–तल) अटल नगर, रायपुर का पत्र क्रमांक/STU/171/2026- SCHOLARSHIP SECTION नवा रायपुर दिनांक 15/06/2026 के परिपालन में महाविद्यालय मे अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2026–27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु वर्ष 2026–27 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :-

| आवेदन का प्रकार | विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की तिथि |
|---|---|
| नवीनीकरण | 30 जून 2026 तक |
| | 30 सितम्बर 2026 तक |
| | 30 नवम्बर 2026 तक |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक |
| नवीन | 30 जून 2026 तक |
| | 30 सितम्बर 2026 तक |
| | 30 नवम्बर 2026 तक |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक |

अतः अंतिम तिथि तक फॉर्म भर कर हार्डकॉपी को निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः–

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी।
2. 10 वीं., 12 वीं एवं पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. आय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
4. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
5. जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।(सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
6. महाविद्यालय के प्रवेश पत्र एवं सभी रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (बैंक खाता सक्रिय होना एवं आधार सीडेड होना अनिवार्य है)
8. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
9. ओ.टी.आर. पंजीयन की छायाप्रति।
10. ए.वी.सी. आई. डी. की छायाप्रति।

टीपः– ऐसे छात्र–छात्रायें जो नौनिहाल छात्रवृत्ति, बीपीएल छात्रवृत्ति, केन्द्रिय छात्रवृत्ति, विज्ञान छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर चुके है या करना चाहते है, वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें शासन के नियमानुसार शासन द्वारा प्रदत्त एक ही छात्रवृत्ति की अर्हता होती है।

प्राचार्य
फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय
फिंगेश्वर, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner